खुद बीमार पड़ी 108 एम्बुलेंस सेवा

जिले के 108 एम्बुलेंस वाहनों की हालत खस्ता, इवेंट के नाम पर गड़बड़झाला

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 जुलाई। जिले में नि:शुल्क 108 एम्बुलेंस वाहनों की हालत दिनों दिन खस्ता होती जा रही है। आलम यह है कि दर्जन भर 108 एम्बुलेंस वाहन बैढ़न-सीधी गैराज में मरम्मत के इंतजार में खड़ी है। वहीं इवेंट के नाम पर व्यापक गड़बड़झाला किये जाने की भी चर्चाएं जोर-शोर से की जाने लगी है।

गौरतलब है कि जिले में 108 एम्बुलेंस वाहनों की संख्या करीब तीन दर्जन है और 108 एम्बुलेंस वाहन चलाने का जिम्मा जय अम्बे इमरजेंसी सर्विस सेवा को प्रदेश सरकार के द्वारा सौपा गया है। किंतु आरोप लगाया जा रहा है कि अधिकांश इमरजेंसी 108 एम्बुलेंस वाहन मरम्मत के अभाव में रास्ते में ही मरीजो को लाते समय जवाब दे दे रहे हैं। आलम यह है कि करीब तीन दर्जन 108 एम्बुलेंस वाहनों में से एक दर्जन से अधिक खराब है और उक्त वाहनों के खराब होने की समस्या आज से नही कई महीनो से है, जिसकी जानकारी कंपनी के भोपाल में बैठे स्टाफ एवं जिला प्रबंधक को भी भलीभांति है। इसके बावजूद वाहनों का समुचित तरीके से मरम्मत एवं रखरखाव नही किये जाने से मरीजो को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। इतना ही नही आये दिन शिकायते मिलती रहती हैं कि कॉल करने के बावजूद 108 एम्बुलेंस वाहन समय पर नही पहुंच पाती। आरोप लगाया जा रहा है कि उक्त वाहनों के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनजान बन कर बैठे हुये हैं। जिसमें उनकी भूमिका को लेकर तरह-तरह के सवाल खड़े किये जा रहे हैं। फिलहाल जिले के नि:शुल्क इमरजेंसी 108 एम्बुलेंस वाहनों के खस्ताहाल होने और इवेंट के बाद भी समय पर नही पहुंचने पर प्रदेश सरकार की योजना पर विपक्षी दल कांग्रेसी भी तरह-तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं।

करामी का वाहन बैढ़न से परिचालन

सूत्रों के मुताबिक 108 एम्बुलेंस वाहन बैढ़न विकासखंड के करामी में तैनात किया गया था, लेकिन इसका संचालन बैढ़न से किया जा रहा है, जिसके बारे में जिला कार्यक्रम प्रबंधक भलीभांति है। चर्चाएं हैं कि उन्ही के इशारे पर इस तरह का खेला हो रहा है। चर्चाएं की जा रही हैं कि यहां बैढ़न में उक्त वाहन को खड़ा कराने के पीछे मक्सद डीजल में खेला है। करामी क्षेत्र से इवेंट आने के बाद उक्त वाहन बैढ़न से रवाना होता है। इस तरह का गड़बड़झाला कई महीनो से किया जा रहा है। जिससे शासन को आर्थिक क्षति भी पहुंचाई जा रही है और ऐसे में मरीजो को त्वरित वाहन नही मिल पाता। यदि उक्त वाहन हमेशा करामी में तैनात रहे तो मरीजो को परेशान नही होना पड़ेगा।

शिकायतों का नहीं होता कोई असर

एम्बुलेंस वाहन 108 के खराब एवं खस्ताहाल होने की शिकायत भी लगातार सामने आती रहती हैं। परंतु जिले में बैठे उक्त कंपनी के कर्ताधर्ता मौन धारण कर लेते हैं, जिसके कारण उक्त एम्बुलेंस वाहन आये दिन रास्ते में ही जवाब देने लगते हैं। आरोप लगाया जा रहा है कि यह सोची-समझी रणनीति के तहत कंपनी के कर्ताधर्ता कर रहे हैं। इसके पीछे एक नही अनेक कारण बताए जा रहे हैं। जिले की नि:शुल्क एम्बुलेंस 108 वाहन सेवा के खस्ताहाल को लेकर अब लोगबाग भी सवालों के घेरे में खड़ा कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि पहले तो सब कुछ ठीकठाक था, योजना अच्छी है, परंतु अब प्रदेश सरकार की इस ओर दिलचस्पी ज्यादा नही दिख रही है।

चालकों और ठेकेदार में बढ़ रही तकरार

सीएमओ बोले, नियम विरुद्ध वसूली पर होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 जुलाई। बरगवां नगर परिषद क्षेत्र में भारी वाहनों से कथित स्टैंड शुल्क वसूली को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। वाहन चालकों और ट्रांसपोर्टरों ने वसूली प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि नवभारत नही करता है।

स्थानीय ट्रक चालकों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा निर्धारित स्टैंड या पार्किंग सुविधा का उपयोग नहीं करने के बावजूद फोरलेन मार्ग से गुजरने वाले वाहनों से शुल्क लिया जा रहा है। उनका सवाल है कि आखिर किस नियम या आदेश के तहत इस प्रकार की वसूली की जा रही है। वाहन चालकों का आरोप है कि इसी मुद्दे को लेकर ठेकेदार के कर्मचारियों और चालकों के बीच आए दिन कहासुनी होती रहती है। बीते शनिवार को भी बरगवां में वसूली को लेकर दोनों पक्षों के बीच जमकर तू-तू, मैं-मैं हुई, जिससे कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि बाद में मामला शांत हो गया। वायरल वीडियो में कथित रूप से कुछ लोग ट्रकों से राशि लेते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में यह दावा भी किया जा रहा है कि वसूली नगर परिषद के नाम पर की जा रही है, लेकिन इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

जबरन वसूली की पुष्टि हुई तो ठेका होगा निरस्त

इधर बरगवां नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि वाहन स्टैंड की वसूली का ठेका नियमानुसार आरके सिंह को दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल निर्धारित स्थान और नियमों के तहत ही स्टैंड शुल्क वसूला जा सकता है। यदि जांच में ठेकेदार या उसके कर्मचारियों द्वारा नियमों के विपरीत अथवा जबरन वसूली की पुष्टि होती है तो ठेका निरस्त करने सहित नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल वाहन संचालक पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में इस तरह के विवाद की पुनरावृत्ति न हो।

एक नजर में

पुलिस की सक्रियता से बिछड़ी बच्ची मॉ से मिली

सरई। सरई बाजार में आज एक मासूम बच्ची रोती मिली है। पुलिस बच्ची को अपने कब्जे में लेकर देखभाल एवं परिजनों का पतासाजी कराने में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि बच्ची अपने पिता का नाम संतोष गुप्ता बता रही है और अन्य जानकारी उसे नही है। आज शाम 6 बजे तक बच्ची के परिजनों से पुलिस का संपर्क नही हो पाया है। शाम के वक्त पुलिस की सक्रियता से परिजन मिल गये। बताया जा रहा है कि इस बच्ची के परिजन कुडैनिया के हैं। तुलसी गुप्ता के यहां दशगात्र कार्यक्रम में आए थे। बच्ची को देख मॉ लिपट कर रोने लगी और पुलिस का एक बार नही कई बार आभार व्यक्त की।

रील के चक्कर में जान जोखिम में न डालें :संदीप

देवसर। देवसर समाजसेवी संदीप शुक्ला ने कहा कि जियावन पुलिस की निगरानी में देवसर क्षेत्र के युवा हैं और जियावन थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर स्टंटबाजी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क, बाजार और टनल जैसे सार्वजनिक स्थानों पर स्टंट करना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि आम लोगों की जान से खिलवाड़ भी है। उन्होंने कहा कि रील बनाने और कुछ लाइक्स पाने के चक्कर में अपनी तथा दूसरों की जिंदगी खतरे में डालना बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। सार्वजनिक सड़के, बाजार और टनल बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और आम नागरिकों के सुरक्षित आवागमन के लिए हैं, स्टंट दिखाने के लिए नहीं।

एक पेड़ श्याम के नाम अभियान के द्वितीय चरण आयोजित

सिंगरौली। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से श्री श्याम प्रेमी मंडल बैढ़न द्वारा संचालित एक पेड़ श्याम के नाम अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन वंडर पब्लिक स्कूलए बैढ़न परिसर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर सीए रौनक भारूका ने अपने जन्मदिवस को एक नई और प्रेरणादायी दिशा देते हुए केक काटने के बजाय अपने पूज्य पिताश्री श्री अमरदीप भारूका, बहन डॉ. स्तुति भारूका एवं परिवारजनों के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अमरदीप भारूका, सुरेंद्र लोहिया, बालमुकुंद गुप्ता, पवन सिंह, श्रीनिवास, नीरज करिवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

शिव महापुराण कथा एवं सामूहिक रुद्राभिषेक 17 अगस्त से

सिंगरौली। श्री नारायण सेवा समिति एवं व्यापार मंडल बैढ़न के तत्वाधान में एक निजी होटल के सभागार में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा एवं सामूहिक रुद्राभिषेक के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के वरिष्ठजन, व्यापारी, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पिछले दो वर्षों से आयोजित किए जा रहे सामूहिक रुद्राभिषेक कार्यक्रम को इस वर्ष और में आयोजित किया जाएगा। तय कार्यक्रम के अनुसार 17 अगस्त सोमवार को रामलीला मैदान, बैढ़न में विशाल सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन होगा, जबकि 19 अगस्त से 25 अगस्त तक सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा।

शासकीय भूमि की कार्रवाई के बाद पटवारी निशाने पर

प्रशासन से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

सरई 12 जुलाई। तहसील सरई के हल्का पटवारी गन्नई को लेकर नया विवाद सामने आया है। विस्तृत शिकायत पत्र में कथित जनपद सदस्य एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित कुछ प्रभावशाली लोगों पर शास. भूमि, राजस्व मामलों और भूमि खरीद-फरोख्त से जुड़े गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

शिकायतकर्ताओं का दावा है कि पटवारी द्वारा न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए शासकीय भूमि को शासन के नाम दर्ज किए जाने और अवैध कब्जों पर कार्रवाई के बाद उन्हें लगातार झूठी शिकायतों के जरिए निशाना बनाया जा रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ग्राम गन्नई में वर्षों से भूमि की खरीद-फरोख्त में बिचौलियागिरी कर भोले-भाले ग्रामीणों, विशेषकर आदिवासी परिवारों को गुमराह कर उनकी जमीनों का कथित रूप से सौदा कराया गया। कई मामलों में भूमि स्वामियों को पूरी राशि तक नहीं मिलने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत में पंचायत के विकास कार्यों में हस्तक्षेप, प्रतिशत की मांग, शास. भूमि पर कथित अतिक्रमण कराने, राजस्व अधिकारियों पर दबाव बनाने, कर्मचारियों से अवैध वसूली और विरोध करने वालों को स्थानांतरण की धमकी देने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं।

शासकीय भूमि पर कब्जा करने का मामला

शिकायतकर्ताओं का दावा है कि एक कथित फर्जी पट्टे की शिकायत पहले रीवा संभागायुक्त से की गई थी। इसके बाद मामला उच्च न्यायालय, जबलपुर पहुंचा, जहां सुनवाई के बाद संबंधित पट्टा निरस्त हुआ। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में संबंधित भूमि को म.प्र. शासन के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया गया। आरोप है कि इसी कार्रवाई के बाद शासकीय भूमि पर कब्जा करने वाले और कथित भू-माफिया सक्रिय हो गए तथा पटवारी को हटाने के लिए लगातार शिकायतें कर रहे हैं। शिकायत में कुछ स्थानीय नेताओं और कथित दलालों को संरक्षण मिलने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा राजस्व अधिकारियों को अनावश्यक दबाव से मुक्त कर निष्पक्ष कार्य करने का वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की है। इन आरोपों पर संबंधित जनप्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पक्ष का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका है।

जमानत निरस्त के बाद भी पटवारी नहीं हुआ गिरफ्तार

उच्च न्यायालय से भी जमानत हो चुकी है खारिज, शिकायतकर्ता ने आईजी से लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 जुलाई। चितरंगी तहसील के कतरिहार गांव की 2015 में फर्जी तरीके से प्रविष्टि एवं हेराफेरी तथा कूटरचित कार्य करने के आरोप में पटवारी राजेश नामदेव पर विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध है। जिसकी जमानत भी हाल ही के दिनों में उच्च न्यायालय से खारिज भी हो चुकी है। परंतु मोरवा पुलिस पटवारी पर बड़ा दिल दिखा रही है।

गौरतलब है कि चितरंगी तहसील के पूर्व में पदस्थ पटवारी राजेश नामदेव ने कतरिहार पंचायत में पदस्थ के दौरान म.प्र. शासन की जमीन में शासकीय पद का दुरूपयोग कर कई एकड़ भूमि का फर्जी प्रविष्टि कर हेराफेरी एवं कूटरचना किया था। जिसके खिलाफ वर्ष 2015 में मोरवा थाना में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। यह कूटरचना शासकीय आराजी खसरा क्रमांक 356 में हेराफेरी एवं कूटरचना कर खसरा नम्बर 356/4 रकवा 4.670 हे. गोन्ही बेवा बैजनाथ भुर्तिया निवासी कतरिहार के नाम फर्जी तौर पर भूमि स्वामी दर्ज कर दिया गया था। शिकायत होने पर जांच हुई और आरोपी पटवारी राजेश नामदेव के विरूद्ध वर्ष 2015 में मोरवा थाना में भादवि की धारा 419,420, 467, 468 एवं 471 के तहत अपराध पंजीबद्ध हुआ। विवेचना उपरांत उक्त मामले में धारा 13(1) एवं 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 का इजाफा किया गया। आरोपी पटवारी पहले निचली अदालत से जमानत पर था। बाद में उसकी जमानत निरस्त कर दिया गया, तब आरोपी पटवारी ने उच्च न्यायालय जबलपुर का शरण लिया, किंतु पिछले दिनों उच्च न्यायालय जबलपुर के विद्वान जज हिमांसु जोशी के न्यायालय से जमानत याचिका खारिज हो गई। आरोप लगाया जा रहा है कि आरोपी पटवारी पर मोरवा पुलिस मेहरवान है। सुनियोजित तरीके से गिरफ्तार नही किया जा रहा है, ताकि उच्च न्यायालय के डबल बैंच में चला जाए। शिकायतकर्ता ने पुलिस का संरक्षण होने का आरोप लगाते हुये एसपी एवं पुलिस महानिरीक्षक रीवा का ध्यान आकृष्ट कराते हुये आरोपी पटवारी को शीघ्र गिरफ्तार कराए जाने की मांग की है।

सलहन टोला का तीन माह से हैंडपंप खराब

सिंगरौली 12 जुलाई (एनबीएन)। जनपद पंचायत देवसर अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरवा के सलहन टोला आदिवासी बस्ती स्थित शासकीय स्कूल में पिछले लगभग तीन माह से हैंडपंप खराब होने के कारण विद्यार्थियों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वाह...मगर सावधान बनी अभियान की पहचान

साइबर जागरूकता गीत ने जीता लोगों का दिल, सरल शब्दों में दिया ऑनलाइन सुरक्षा का संदेश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 जुलाई। म.प्र. पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के दौरान प्रस्तुत साइबर जागरूकता गीत वाह...मगर सावधान लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बन गया।

एसपी सियाज केएम के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक आशीष बागरी द्वारा लिखे और प्रस्तुत इस गीत ने साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान के दौरान जहां भी गीत प्रस्तुत किया गया, वहां श्रोताओं ने इसे खूब सराहा। गीत में फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, आकर्षक डीपी, ऑनलाइन दोस्ती के नाम पर ठगी, वीडियो कॉल फ्रॉड, ब्लैकमेल, निजी फोटो के दुरुपयोग और डेटा चोरी जैसे विषयों को बेहद सरल, सहज और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसकी लय, शब्दों और संदेश ने युवाओं से लेकर

वरिष्ठ नागरिकों तक सभी को अंत तक बांधे रखा। 15 दिवसीय अभियान के दौरान यह गीत विभिन्न विद्यालयों व सार्वजनिक कार्यक्रमों में प्रस्तुत किया गया। श्रोताओं ने इसे न केवल मनोरंजक बल्कि अत्यंत शिक्षाप्रद बताया। गीत का मुख्य संदेश यही रहा कि डिजिटल दुनिया में किसी भी अनजान व्यक्ति पर आंख मूंदकर भरोसा न करें, अपनी निजी जानकारी सुरक्षित रखें और किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि से सतर्क रहें।

मृतक के परिजनों को मिले चेक पर कंपनी की रोक

सिंगरौली 12 जुलाई (एनबीएन)। ग्राम परसदेही निवासी स्व. जगदीश प्रसाद शाह की पावर ग्रिड कंपनी के निर्माणाधीन टावर में कार्य के दौरान हुई मृत्यु के बाद मुआवजा भुगतान को लेकर विवाद गहराता नजर आ रहा है। परिजनों का आरोप है कि समझौते के तहत कंपनी प्रबंधन द्वारा दिया गया, चेक बैंक में आपत्ति दर्ज कराकर रुकवा दिया गया, जिससे परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। इस मामले को पीड़ित परिवार के समर्थन में प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

रेनुसागर फिट एंड फास्ट चैम्पियनशिप का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

अनपरा 12 जुलाई। हिन्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर के तत्वाधान में आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज रेनुसागर के प्रांगण में रेनुसागर फिट एंड फास्ट चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य संस्थान के कर्मचारियों में स्वास्थ्य, फिटनेस, अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर ही सफलता की सबसे बड़ी पूंजी है तथा नियमित व्यायाम और खेलकूद व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आह्वान किया।

चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के महिला एवं पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों में जोश, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना देखने को मिली।

मेधा प्रतियोगिता में 109 टीमों की शानदार सहभागिता

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 12 जुलाई। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में परियोजना स्तरीय मेधा प्रतियोगिता के प्रारंभिक चरण का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 109 टीमों ने जूनियर, मिडिल, सीनियर छात्र-छात्राएं तथा कर्मचारी श्रेणियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने ज्ञान और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारों में सीखने की भावना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। ऐसी प्रतियोगिताएँ सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती हैं।

आदर्श ग्राम खोखवा में किया गया वृक्षारोपण

नवभारत न्यूज

चितरंगी 12 जुलाई। म.प्र. जन अभियान परिषद के निर्देशन में विकासखंड चितरंगी के नवांकुर सेक्टर अंतर्गत आदर्श ग्राम खोखवा में स्वैच्छिकता पर्व के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में नवांकुर संस्था से रजनीश साहू, परामर्शदाता राधा यादव, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव, उपसरपंच सुरेश यादव, नवांकुर सखियों एवं ग्रामवासियों ने सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

साथी स्वच्छता नशामुक्ति शपथ, स्वैच्छिकता शपथ, प्रेरक उद्बोधन, संस्कार केंद्र गोष्ठी चर्चा की गई।

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान आज से

सिंगरौली 12 जुलाई (एनबीएन)। जिले में 13 से 18 जुलाई तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तृतीय चरण संचालित किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन के लिए समस्त सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों, मैत्री कार्यकर्ताओं, गौसेवकों एवं पशुसखियों को कृषि विज्ञान केंद्र सिंगरौली में जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मैदानी अमले को निर्देशित किया गया है कि वे मुख्य रूप से उन पशुपालकों के घर-घर पहुंचकर संपर्क व संवाद स्थापित करें, जिनके पास तीन से चार गौवंश अथवा भैंसवंश उपलब्ध हैं।

अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार जरूर दें : निरंजना

पर्यावरण संरक्षण पर दिया गया जोर, गन्नई पंचायत में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 जुलाई। तहसील सरई न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम निरंजना योगेश मालवीय के नेतृत्व व उपस्थिति में पैरालीगल वालंटियर शिवप्रसाद साहू द्वारा आज रविवार को ग्राम पंचायत गन्नई में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि बतौर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरई मंचासीन रहे। वहीं मुख्य अतिथि बतौर मंचासीन न्यायाधीश निरंजना योगेश मालवीय ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए नि:शुल्क विधिक सेवा, साइबर अपराध सहित अन्य कानूनी जानकारी दी। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षा बहुत जरूरी है सभी माताऐं बहने अपने-अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार जरूर दें, बच्चों के ऊपर नजर बनाए रखें, बच्चा कहीं गलत रास्ते में तो नहीं जा रहा, कहीं अपराध में तो लिप्त नहीं हो रहा है, इसके लिए विशेष पहल करना जरूरी है।

आजकल छोटे-छोटे विवाद बड़े बनते जा रहे हैं और फिर कोट-कचहरी के चक्कर भी लगाने पड़ते हैं, जबकि आपसी सहमति और समझौता से छोटे मामलों को निपटाया जा सकता है। कार्यक्रम मे शामिल ग्राम पंचायत सरपंच देवकली प्रजापति, वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्त्ता लाले वैश्य, सरोजवती साकेत, न्यायालय नाजिर सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।